तापमान

अधिकतम 20.8 डिग्री
न्यूनतम 6.6 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, मंगलवार 3 फरवरी 2026

12 तनाव से मुक्ति चाहिए तो बढ़ानी होगी आंतरिक शक्तिः शिवानी



12 पुलिस कार्रवाई के विरोध में बिजली कर्मचारियों का जोरदार प्रदर्शन



## खबर संक्षेप

### पशु-मेला और प्रदर्शनी छह फरवरी से

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा के पशुपालन एवं डेयरी मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि आगामी 6 से 8 फरवरी तक कुरुक्षेत्र में लगने वाले मेला एवं प्रदर्शनी में पशुपालन की नवीनतम तकनीकों की जानकारी दी जाएगी। राज्य सरकार का प्रयास है कि पशुपालक उत्तम नस्लों के पशु रखें तथा वैज्ञानिक विधि से उनका पालन करें ताकि वो कम लागत में अधिक से अधिक आमदनी कर सकें। कैबिनेट मंत्री श्याम सिंह राणा ने बताया कि कुरुक्षेत्र में आयोजित की जाने वाली 41वीं राज्यस्तरीय पशु प्रदर्शनी में उत्कृष्ट नस्लों के लगभग 1500 पशु 53 विभिन्न श्रेणियों में भाग लेंगे। पशुपालकों के प्रोत्साहन हेतु सर्वश्रेष्ठ पशुओं के मालिकों को लगभग 50 लाख रुपये की पुरस्कार राशि वितरित की जाएगी।

### गुरु रविदास मंदिर में मूर्ति स्थापित की

**समालखा।** संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास की जयंती पर भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार में सदस्य रहे सूरज भान कटारिया ने अपने पैतृक गांव आटा में गुरु रविदास मंदिर में मूर्ति स्थापित कराकर भंडारे का आयोजन किया। इस अवसर पर भीम सिंह पटवारी, बलबीर सिंह, ईश्वर सिंह, पालेराम, राजेश, भीम सिंह समेत बडी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### चोरों ने बंद मकान को बनाया निशाना

**बराड़ा।** क्षेत्र में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। चोरों के हौसले इस कदर बुलंद हैं कि अब बंद पड़े मकान भी सुरक्षित नहीं रहे। ताजा मामला करनाल कॉलोनी का है, जहां चोरों ने एक बंद मकान को निशाना बनाकर बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया। मकान मालिक संदीप कुमार किसी निजी कार्य से शाहाबाद गए हुए थे। जब वे वापस लौटे तो उन्होंने देखा कि घर के ताले टूटे हुए थे और अंदर सारा सामान बिखरा पड़ा था। चोरों ने अलमारी और संदूक को तोड़कर उनमें रखे कीमती सोना-चांदी के जेवरात और हजारों रुपये की नकदी पर हाथ साफ कर दिया।

### पश्चिमी यमुना नहर में मिला युवक का शव

**करनाल।** करनाल जिले की पश्चिमी यमुना नहर में एक युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। शव नहर में कचरे के बीच फंसा हुआ था, जिसे गोताखोरों की टीम ने किसी अन्य व्यक्ति की तलाश के दौरान देखा। इसके बाद तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नहर से बाहर निकलवाया गया। गोताखोर प्रगट सिंह ने बताया कि शव की हालत को देखते हुए यह लगभग छह दिन पुराना प्रतीत हो रहा है। मृतक के सिर पर चोट का निशान भी पाया गया है, जिससे मामला संदिग्ध माना जा रहा है।

## नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा के निर्देश पर कार्रवाई तेज उचानी, कर्ण पार्क और कम्बोपुरा की दुकानें शामिल





# किराया न भरने पर नगर निगम की 15 दुकानें होंगी सील

**5.49 लाख रुपये से अधिक बकाया**

हरभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा के निर्देश पर निगम की दुकानों का किराया लंबे समय से जमा न करवाने वाले किराएदारों के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी गई है। नगर निगम के प्रवर्तन दल द्वारा 15 ऐसे बकाया किराएदारों की सूची तैयार की गई है, जिनकी दुकानों को शीघ्र सील कर नगर निगम के कब्जे में लिया जाएगा।

इनमें 12 दुकानें गांव उचानी, 1 दुकान कर्ण पार्क मार्केट तथा 2 दुकानें गांव कम्बोपुरा की हैं। इन दुकानों पर कुल 5,49,129 रुपये का किराया बकाया है। नगर निगम आयुक्त ने बताया कि संबंधित किराएदारों को अंतिम नोटिस जारी कर बकाया राशि जमा करवाने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन नोटिस की पालना नहीं की गई।

अब हरियाणा नगर निगम अधिनियम 1994 के तहत कार्रवाई करते हुए दुकानों को सील किया जाएगा और नियमानुसार बकाया राशि की वसूली की जाएगी।

उन्होंने बताया कि वित्त वर्ष 2025-26 में अब तक करीब 85 लाख रुपये की वसूली की जा चुकी है। जनवरी माह में 13,51,364 रुपये की रिकवरी की गई है, जिसमें बकाया और ब्याज दोनों शामिल हैं।

नगर निगम आयुक्त ने सभी डिफॉल्टर किराएदारों से अपील की है कि वे शीघ्र नगर निगम कार्यालय में बकाया किराया जमा करवा दें, अन्यथा दुकानें सील कर निगम के कब्जे में ले ली जाएंगी।

**सील की जाने वाली दुकानों की सूची**

| | | |
|---|---|---|
| दुकान नंबर 1, गांव उचानी | किराएदारः रूप चंद | बकाया राशिः 36,251 |
| दुकान नंबर 2, गांव उचानी | किराएदारः सुरिंद्र | बकाया राशिः 19,599 |
| दुकान नंबर 3, गांव उचानी | किराएदारः जसबीर | बकाया राशिः 25,044 |
| दुकान नंबर 4, गांव उचानी | किराएदारः जसबीर | बकाया राशिः 25,044 |
| दुकान नंबर 5, गांव उचानी | किराएदारः सावित्री | बकाया राशिः 26,778 |
| दुकान नंबर 6, गांव उचानी | किराएदारः सावित्री | बकाया राशिः 48,008 |
| दुकान नंबर 7, गांव उचानी | किराएदारः राम प्रकाश | बकाया राशिः 24,776 |
| दुकान नंबर 8, गांव उचानी | किराएदारः राजबीर | बकाया राशिः 26,778 |
| दुकान नंबर 9, गांव उचानी | किराएदारः सुनील | बकाया राशिः 60,275 |
| दुकान नंबर 15, गांव उचानी | किराएदारः रमेश | बकाया राशिः 62,746 |
| दुकान नंबर 16, गांव उचानी | किराएदारः प्रेमचंद | बकाया राशिः 48,856 |
| दुकान नंबर 18, गांव उचानी | किराएदारः मुल्ला राम | बकाया राशिः 58,887 |
| दुकान नंबर 44, कर्ण पार्क मार्केट | किराएदारः प्रीतम सिंह | बकाया राशिः 35,717 |
| दुकान नंबर 1, गांव कम्बोपुरा | किराएदारः रजिंद्र कुमार | बकाया राशिः 37,187 |
| दुकान नंबर 2, गांव कम्बोपुरा | किराएदारः ईशम सिंह | बकाया राशिः 13,193 |

## बुजुर्गों की पेंशन काटकर सरकार ने छीना आखिरी सहारा विधायक निर्मल सिंह ने राज्य सरकार की खोली पोल

# कागजों में दिखाए अमीर जमीनी हकीकत में लाचार

हरभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

हरियाणा में सामाजिक सुरक्षा पेंशन अब अधिकार नहीं सरकारी पोर्टलों की दया बन चुकी है। जिले में जनवरी 2025 से जनवरी 2026 के बीच पीपीपी (परिवार पहचान पत्र) में की गई कथित "डेटा अपडेटिंग" ने हजारों बुजुर्गों को एक झटके में काग़ज़ी अमीर बना दिया। ज़मीनी हक़ीक़त में वे अपाहिज। अंबाला शहर के विधायक चौधरी निर्मल सिंह ने कहा कि यह प्रशासनिक भूल नहीं, बल्कि गरीबों के खिलाफ़ सुनियोजित डिजिटल हिंसा है।

### 2,33,325 परिवार जुड़े थे योजनाओं से

जनवरी 2025 में जिले में 2,33,325 परिवार सरकारी योजनाओं से जुड़े थे, लेकिन जुलाई 2025 तक यह संख्या घटकर 2,04,220 रह गई और जनवरी 2026 आते-आते सिर्फ 1,69,023 कार्ड ही सक्रिय बचे। इसी अवधि में 54,302 परिवार सरकारी रिकॉर्ड में "अमीर" घोषित कर दिए गए। परिणामस्वरूप हजारों बुजुर्गों की बुढ़ापा पेंशन बंद कर दी गई। यह गिरावट सामान्य नहीं है — हर कटती पेंशन के पीछे एक कांपता शरीर, सूनी रसोई और टूटता आत्मसम्मान खड़ा है। इस पेंशन को कांग्रेस सरकार ने बढ़ाया था तो इसका नाम मानदेय रखा था जिसको बुजुर्गों का मान सम्मान कहा जाता था एक झटके में इतनी पेंशनों को काटकर सरकार ने पेंशन तो बंद कर ही दी साथ ही उनका मानदेय भी छीन लिया।



अंबाला। धार्मिक समारोह में हिस्सेदारी करते विधायक निर्मल सिंह व अन्य।

### एक झूठी एंट्री और छिन गया सहाराः हरियाणा में बुज़ुर्गों की पेंशन पर संकट

एक साल के भीतर 53,213 बीपीएल कार्ड कटे, जिससे 1,64,138 लोग पात्रता से बाहर कर दिए गए। इसके साथ ही 1,089 गुलाबी कार्ड कटने से 11,129 लोग सामाजिक सुरक्षा की सूची से बाहर हो गए। विधायक निर्मल सिंह ने कहा कि जिन परिवारों की वास्तविक वार्षिक आय 1.80 लाख रुपये से कम है, उनके पीपीपी रिकॉर्ड में 3 से 15 लाख तक की काल्पनिक आय दर्ज कर दी गई। यही एक झूठी पंक्ति हजारों बुज़ुर्गों की पेंशन छीनने के लिए काफी साबित हुई। उन्होंने कहा कि ज़मीनी सच्चाई यह है कि बुज़ुर्ग,विधवाएं और दिहाड़ी मजदूर महीनों से एडीसी कार्यालय,सरल केंद्रों और तहसीलों के चक्कर काट रहे हैं। हर जगह एक ही जवाब मिलता है — "डेटा में गलती है, ठीक हो जाएगी", लेकिन तारीखो पर तारीखे मिलती हैं, समाधान नहीं। कई परिवार छह-छह महीने से सुधार प्रक्रिया में फंसे हैं। जिन घरों में दो-तीन सदस्य हैं, वहीं सबसे ज्यादा मार पड़ी है — पेंशन भी गई और सम्मान भी। सरकार ने गरीबी को आंकड़ों से मिटाने की नीति अपना ली है। चौपहिया वाहन, बिजली बिल या किसी संपत्ति की एंट्री दिखाकर बुज़ुर्गों को आर्थिक रूप से सक्षम घोषित कर दिया जाता है और पेंशन काट दी जाती है, जबकि हकीकत यह है कि कई वृद्ध हार्ट के मरीज हैं,पेंशन आते ही उनकी दवाई घर आती है जो पेंशन ना आने से दवाई बूटी से भी मौहताज हो गए है, कई विधवाए जो इस पेंशन से अपने घर की दाल रोटी व बच्चों का पालन पोषण कर रही थी वो भी आज लाचार है बिना किसी आय के जी रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने सामाजिक पेंशन को भी तकनीकी जाल में उलझाकर कमजोर तबकों से उनका आख़िरी सहारा छीन लिया है। चौधरी निर्मल सिंह ने कहा कि जब केंद्र सरकार 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन देने के दावे करती है, उसी दौर में हरियाणा में बुज़ुर्गों की पेंशन चुपचाप काट दी जाती है। यह नीति नहीं, गरीबों के खिलाफ़ डिजिटल दमन है। जिन बुज़ुर्गों की पेंशन पीपीपी की गलत एंट्री के कारण बंद हुई है, उनकी पेंशन तत्काल बहाल की जाए, सभी मामलों की स्वतंत्र जांच हो और दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की जाए। साथ ही सुधार अवधि में प्रभावित परिवारों को अंतरिम पेंशन दी जाए, ताकि कोई वृद्ध भूख और अपमान के बीच दम न तोड़े।



# दोस्त की हत्या करने वाले को उम्रकैद की सजा

**मधुबन थाना क्षेत्र के ढाबे में शराब के दौरान हुए झगड़े में बेसमेंट की सीढ़ियों से धक्का देकर की गई थी हत्या**

हरभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

करनाल जिले के मधुबन थाना क्षेत्र में शराब पीने के दौरान हुए झगड़े में युवक की हत्या के मामले में अदालत ने आरोपी को दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी पर तीस हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना अदा न करने की स्थिति में आरोपी को अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। यह मामला सोलह अप्रैल दो हजार इक्कीस का है। मधुबन थाना क्षेत्र के नगला मेघा चौक स्थित रायल जट पंजाबी ढाबा पर काम करने वाला नेपाल निवासी जगन्नाथ अपने साथियों के साथ बैठकर शराब पी रहा था। इसी दौरान किसी मामूली बात को लेकर विवाद हुआ, जो धीरे-धीरे झगड़े में बदल गया। झगड़े के दौरान रूप नगर खड़ मोहल्ला निवासी हसीन मोहम्मद उर्फ सोनू ने जगन्नाथ को ढाबे के बेसमेंट की सीढ़ियों से धक्का दे दिया। सीढ़ियों से गिरने के कारण जगन्नाथ के सिर में गंभीर चोट आई। मौके पर मौजूद ढाबा मालिक हरसमन और अन्य लोगों ने उसे तत्काल उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

घटना के बाद फतेहपुरभाया बहादुरगढ़ निवासी मुकेश प्रसाद सिंह ने मंगलेरा चौकी में शिकायत दी। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस के सामने यह तथ्य सामने आया कि आरोपी ने जान से मारने की नीयत से जगन्नाथ को सीढ़ियों से धक्का दिया था।

पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवा कर साक्ष्य जुटाए और प्रत्यक्षदर्शी गवाहों के बयान दर्ज किए। जांच पूरी होने के बाद आरोपी को अदालत में पेश किया गया। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने और साक्ष्यों के अवलोकन के बाद अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश रजनीश कुमार शर्मा की अदालत ने हसीन मोहम्मद उर्फ सोनू को दोषी ठहराया। अदालत ने आरोपी को उम्रकैद की सजा सुनाते हुए तीस हजार रुपये का जुर्माना लगाया।

# नौवीं कक्षा की छात्रा ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे पर लटककर की आत्महत्या

हरभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

थाना क्षेत्र के पधाना गांव में एक नाबालिग छात्रा ने संदिग्ध परिस्थितियों में आत्महत्या कर ली। घटना के समय वह घर में अकेली थी। परिजन अपने-अपने काम से बाहर गए हुए थे। स्कूल से छुट्टी के बाद छोटी बहन जब घर लौटी तो उसने बहन को फंदे पर लटका देखा। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। पधाना गांव की 17 वर्षीय छात्रा 9वीं कक्षा में पढ़ती थी। घटना के वक्त उसके पिता मार्डन डेयरी में काम पर गए हुए थे, मां भी एक राईस मिल में चावल पैकिंग का काम करने गई हुई थी। छोटी बहने और भाई स्कूल गए हुए थे। छात्रा घर पर अकेली थी। जब स्कूल की छुट्टी के बाद छोटी बहन घर पहुंची तो उसने झुंकी को फंदे पर लटका हुआ देखा। यह देखते ही उसकी चीख निकल गई। आसपास के लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही तरावड़ी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। पुलिस ने मौके पर एफएसएल टीम को बुलाया। टीम ने घटनास्थल से जरूरी साक्ष्य जुटाए। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा। फिलहाल पुलिस हर पहलू से मामले की जांच कर रही है। थाना प्रभारी राजपाल ने बताया कि अभी आत्महत्या के स्पष्ट कारण सामने नहीं आए हैं।



तरावड़ी। छात्रा द्वारा आत्महत्या किए जाने के मामले में जांच करती पुलिस।

# पटवारियों ने छह निलंबित पटवारियों की बहाली की उठाई मांग

हरभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

- पटवारखानों में कामकाज ठप

दी पटवार एवं कानूनगो एसोसिएशन के बैनर तले पटवारियों ने सोमवार को पटवार भवन के बाहर धरना प्रदर्शन किया। पटवारियों ने कहा कि प्रदेश के 6 पटवारियों को हरियाणा सरकार ने सस्पेंड किया है। जिसके खिलाफ मजबूरन उन्हें यह विरोध प्रदर्शन करना पड़ रहा है। सरकार ने कहा था कि 29 जनवरी तक सस्पेंड किए गए पटवारियों को बहाल कर दिया जाएगा, लेकिन सरकार ने इन्हें बहाल नहीं किया। धरनारत पटवारियों ने मांग की कि सभी पटवारियों को जल्द से जल्द बहाल किया जाए अन्यथा आंदोलन भी तेज हो सकता है। प्रधान डा. साहब सिंह सैनी ने कहा कि इस हड़ताल के चलते गिरदावरी, जमाबंदी, इंतकाल, नक्शा, प्रमाणपत्र संबंधित कार्य व राजस्व कोर्ट संबंधित कार्य तथा तहसील के कार्य प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार पटवारियों की मांगों को जल्द से जल्द पूरा करें। अगर उनकी मांग पूरी नहीं हुई तो वे आंदोलन को आगे भी जारी रखेंगे। पटवारियों ने मांग की कि कानूनगो को नायब तहसीलदार की परीक्षा में बैठने व परीक्षा पास करने के बाद नायब तहसीलदार के पद पर लगने के लिए कानूनगो का अनुभव की सीमा समाप्त की जाए, अगर आवश्यक हो तो वह कानूनगो परीक्षा पास से गणना की जाए क्योंकि कानूनगो की पदोन्नति वरिष्टता के आधार पर होती है।



कुरुक्षेत्र। धरने पर बैठे पटवारी।

### सस्पेंड पटवारियों की बहाली न होने पर भड़के पटवारी

**अंबाला।** दि पटवार एवं कानूनगो एसोसिएशन के नेतृत्व में पटवारी तीन दिन के सांकेतिक धरने पर बैठे गए। पटवारियों ने गिरदावरी के दौरान सस्पेंड किए छह पटवारियों को बहाल करने की मांग रखी। एसोसिएशन जिला प्रधान राजेश कुमार ने बताया कि पटवारियों को बहाल करने के लिए 15 दिन का समय दिया गया था, लेकिन सरकार ने पटवारियों को बहाल नहीं किया। उन्होंने 31 जनवरी को सांकेतिक धरना दिया था। अब पटवारियों की ओर से 2 से 4 फरवरी तक सांकेतिक धरना दिया जाएगा। यह धरना सुबह 9 से शाम 5 बजे तक चलेगा। धरने के दौरान कोई कार्य नहीं किया जाएगा।

# प्रतिबंधित दवाई के हजारों रुपये के नशीले कैप्सूलों के साथ दो नशातस्कर गिरफ्तार

- पुलिस ने आरोपियों से बरामद किए प्रतिबंधित दवाई के 1752 नशीले कैप्सूल
- आरोपियों को अलग अलग स्थानों से किया गया गिरफ्तार

हरभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला पुलिस ने अलग अलग स्थानों से दो नाशतस्करो को गिरफ्तार कर उनसे प्रतिबंधित दवाई के 1752 नशीले कैप्सूल बरामद किए हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर करवाई शुरू कर दी। जानकारी के मुताबिक थाना व्यासपुर पुलिस को सूचना मिली थी कि अजीजपुर कलां के पास एक युवक मोटरसाइकिल पर प्रतिबंधित नशीले कैप्सूल लेकर संदिग्ध हालत में घूम रहा है। वह नशीले कैप्सूलों को किसी को सप्लाई करने की फिराक में है। सूचना मिलते ही पुलिस ने दबिश देकर आरोपी को मोटरसकिल समेत पकड़ लिया। मौके पर आरोपी की तलाशी ली गई तो उसके पास से प्रतिबंधित दवाई के 552 नशीले कैप्सूल बरामद हुए । पुलिस ने तुरंत आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी की पहचान चाहाड़वाला निवासी बलविंदर के रूप में हुई। मामले की जांच कर रहे एएसआई विक्रम ने बताया कि आरोपी को अदालत में पेश कर करवाई शुरू कर दी है। वहीं, थाना साढौरा पुलिस ने सढौरा.नारायणगढ़ रोड स्थित गांव यासिन माजरी के पास से एक युवक को पकड़कर उसके पास से प्रतिबंधित दवाई के 1200 नशीले कैप्सूल बरामद किए । पूछताछ में आरोपी की पहचान गांव गढ़ोली निवासी आकाश उर्फ नोनू के रूप में हुई है। मामले की जांच कर रहे सब इंस्पेक्टर रणधीर सिंह ने बताया कि आरोपी से पूछताछ की जा रही है कि वह नशीले कैप्सूल कहां से लेकर आया है और किस व्यक्ति को सप्लाई करने जा रहा था।

## विधायक ने कार्यक्रम में पहुंच सुनी लोगों की समस्याएं

# श्री गुरु तेग बहादुर मेडिकल कालेज 31 मार्च तक होगा तैयार

हरभूमि न्यूज ▶▶| यमुनागर

गांव पांजूपुर में बन रहा एक हजार करोड़ रुपए की लागत से श्री गुरु तेग बहादुर साहिब राजकीय मेडिकल कॉलेज 31 मार्च तक तैयार हो जाएगा । श्रीलाल द्वारा कॉलोनी वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पहुंच यमुनानगर के विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने सभा को संबोधित किया और उन्होंने बताया कि आगामी वर्ष से पहले इसमें दाखिले भी आरंभ हो जाएंगे। मौके पर मौजूद लोगों ने अपनी समस्याओं से संबंधित मांग पत्र भी विधायक को सौंपा। विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने बताया कि यमुनानगर विधानसभा क्षेत्र में करोड़ों रुपए की लागत से अनेक विकास कार्य करवाए जा चुके हैं और करोड़ों रुपए के विकास कार्यों का काम भी चल रहा है। उन्होंने बताया कि 8800 करोड़ रुपए की लागत से सुपर थर्मल पावर प्लांट का कार्य करवाया जा रहा है। 6 करोड़ रुपए की लागत से हमीदा हेड के पास विश्वस्तरीय पार्क का निर्माण करवाया जा रहा है। साथ ही 12 करोड़ रुपए की लागत से बॉडी माजरा के पास रिवर फ्रंट का निर्माण कार्य करवाया जा रहा है। यह पर्यटक स्थल के रूप में शहर के लिए बड़ी सौगात होगा । वही इसके बनने से शहर के राजस्व में भी बढ़ोतरी होगी। उन्होंने बताया कि छठ पूजा के दौरान श्रद्धालुओं को यमुना किनारे पूजा करने में दिक्कत होती थी इसके लिए 2 करोड़ 49 लाख रुपए की लागत से तीन घाटो का निर्माण कार्य करवाया जा रहा है।



यमुनानगर। संबोधित करते विधायक घनश्याम दास अरोड़ा।

### सीवरेज की बिछाइ जाएंगी नई लाइनें

विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने बताया कि यमुनानगर शहर वासियों को सीवरेज से संबंधित समस्या से निजात मिल सके इसके लिए अमृत टू योजना के तहत 130 करोड़ रुपए की लागत से सीवरेज की नई लाइनें बिछाने के कार्य को मंजूरी मिल चुकी है और इस पर कार्य भी आरंभ हो गया है। उन्होंने कॉलोनी वासियों की समस्याओं का शीघ्र अति शीघ्र समाधान करवाने का आश्वासन दिया। एसोसिएशन के प्रधान विनोद राणा ने विधायक व अन्य का स्वागत करते हुए बताया कि कॉलोनी में कई बिजली के पोल सड़क के बीच लगे हुए है जिस कारण अक्सर दुर्घटनाएं होती हैं। साथ ही लाल द्वारा मंदिर से कालिंदी कॉलोनी तक खराब हो गई सड़क को बनवाया जाए।

## खबर संक्षेप

### शोभा यात्रा निकाल मनाई गुरु रविदास जयंती



**रादौर।** संत शिरोमणि रविदास जी महाराज के प्रकाशोत्सव पर रादौर की औड कॉलोनी, बुबका, छारी, ऊंचा चांदना, जठलाना, गुमथला, पालेवाला व अन्य गांवों में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीणों ने शोभायात्राएं निकालकर गुरू की महिमा का गुणगान किया। कार्यक्रम में सांसद नवीन जिंदल के रादौर प्रभारी सोनी कुमार विशेष रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम में सोनी कुमार ने शोभायात्रा में दान राशि दी। इस अवसर पर सोनी कुमार ने कहा कि सांसद नवीन जिंदल समाज में धार्मिक कार्यक्रमों में अपनी उपस्थिति दर्ज करवा रहे है। सांसद नवीन जिंदल ने कुरूक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र में जनता को लाभ पहुंचाने के लिए मेडिकल कैंप, जिम, छात्रवृति योजना व अन्य प्रकार की योजनाएं चलाई हुई है। जिसका जनता को भरपूर लाभ मिल रहा है।

### समाज के सच्चे हितैषी थे संत रविदास : कुमार



**रादौर।** कस्बा रादौर के गांव हिरण छप्पर में संत गुरु रविदास जी के 649वे प्रकाश उत्सव पर शोभायात्रा का आयोजन किया गया। शोभायात्रा में मुख्य अतिथि प्रदीप कुमार अंबेडकर युवा प्रधान, विशाल कुमार हरियाणा पुलिस, साहिल हरियाणा पुलिस के रूप में मौजूद रहे। गांव में शोभायात्रा का ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्यातिथि प्रदीप कुमार, विशाल व साहिल ने बताया कि संत गुरू रविदास जी महाराज ने समाज कल्याण के लिए कार्य किया है। इस अवसर पर सचिन संघाल, जोनी दत्त, शीशपाल, संदीप, रवींद्र, नवनीत, राहुल, नवनीत, शिवराम नंबरदार, विक्रम,मास्टर शीशपाल, अनिल, पवन, रिंकू, कश्मीरी मौजूद रहे।

### योग शिविर में साधकों ने किया प्राणायाम

**यमुनानगर।** पतंजलि योग समिति के तत्वावधान में शहर कैंप में चल रहे पांच दिवसीय निःशुल्क योग शिविर का समापन हो गया। शिविर में योग शिक्षक एवं योगाचार्य राहुल ने साधकों को योग क्रियाएं सिखाई। योगाचार्य राहुल कुमार ने योग शिविर के समापन पर योग आसानों द्वारा बीमारियों से बचने के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि योग मानव को अनेक प्रकार की भयानक बीमारियों से दूर रखता है। प्रतिदिन योग क्रियाएं करने से पूरा दिन शरीर में ऊर्जा बनी रहती है। मानव का शारीरिक व मानसिक विकास सही प्रकार से होता है। उन्होंने साधकों को वक्रासन, भुजंगासन, अनुलोम, विलोम,भ्रामरी, कपालभाती, मडूक आसन आदि सिखाए ।

## आम बजट को लेकर दूसरे दिन भी प्रतिक्रियाओं का जारी रहा दौर

# विकसित और ऊर्जावान भारत के सपने को पूरा करेगा केंद्रीय बजट : घनश्याम

**यमुनानगर के विधायक घनश्याम दास अरोड़ा और कुरुक्षेत्र से सांसद नवीन जिंदल ने बताया बजट को सभी वर्गों के लिए हितकारी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा गत गत रविवार को संसद में पेश किए अपने नौंवे आम बजट को लेकर दूसरे दिन भी लोगों की प्रतिक्रियाएं जारी रही। सत्ता पक्ष के लोगों ने जहां आम बजट विकसित भारत के लिए इसे सभी वर्गों के लिए लाभकारी बताया तो वहीं विपक्ष ने बजट को मात्र एक छलावा बताया। इस संबंध में विभिन्न वर्गों के लोगों ने सोमवार को भी अपनी अपनी प्रतिक्रियाएं दी। आम बजट को लेकर पक्ष-विपक्ष के नेताओं की ओर से मिली जुली प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है। वहीं, समाज के सभी वर्गों के लोग भी बजट को लेकर लगातार दूसरे दिन भी अपने विचार प्रस्तुत कर रहे है। इस बजट से आमजन को काफी उम्मीदें थी।

## अलग- अलग वर्ग के लोगों की बजट पर प्रतिक्रिया

### भारत को विकसित बनाने के लिए है कंपलीट बजट



यमुनानगर के विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किया गया आम बजट विकसित भारत और प्रधानमंत्री के विकसित और उर्जावान भारत के सपने को पूरा करने के लिए बजट सभी वर्गों के लिए अत्यंत लाभकारी है। उनका कहना है कि यह बजट देश में विकास की नई दिशा प्रदान करेगा। यह बजट न केवल भारत को आत्मनिर्भर बनाएगा। बल्कि भारत को विकसित बनाने की दिशा में कार्य करेगा। बजट में पूंजीगत व्यय को लगातार ऊंचे स्तर पर बनाए रखना सरकार की विकासोन्मुखी सोच को दर्शाता है। उन्होंने कहा बजट से मध्यम वर्ग समेत सभी वर्गों को लाभ मिलेगा।

### ना उम्मीद थी और ना ही कुछ मिला



हरियाणा प्लाइवुड एंड मैन्युफैक्चरिंग एसोसिएशन के प्रधान जेके बिहानी का कहना है कि प्लाइवुड उद्योग संचालकों को बजट से ना उम्मीद थी और ना ही कुछ मिला है। उन्होंने कहा कि प्लाइवुड उद्योगपति लंबे समय से एमएसएमई पर इंटरेस्ट रेट कम किए जाने की मांग करते आ रहे हैं। मगर वह कम नहीं हुआ। प्लाइवुड उद्योग संचालक इस बजट के प्रति उदासीन हैं। केंद्र सरकार देश में छोटे उद्योगों को बंद करने की ओर अग्रसर है। पिछले कई सालों से केंद्र एवं राज्य सरकार छोटे उद्योगों के विकास के लिए कोई योजना नहीं लेकर आ रही है। जिससे उद्योगपत्तियों में सरकार के प्रति काफी रोष है। इस बजट में सरकार ने सभी वर्गों को निराश किया है।

### विकास को बढ़ावा देने वाला है बजट



हरियाणा चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एवं भाजपा उद्योग प्रकोष्ठ के पूर्व प्रांतीय प्रभारी शिवप्रताप बजाज ने केंद्रीय वितमंत्री निर्मला सीतारमन द्वारा पेश किए गए बजट की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह बजट विकास भारत के संकल्प को पूरा करने की दिशा में शानदार, संतुलित एवं ऐतिहासिक बजट है। बजट में सभी वर्गों के विकास व विश्वास को ध्यान में रखा है। आधारभूत सरंचना पर जोर दिया गया है। जिससे अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। उन्होंने बताया कि भारत को आत्मनिर्भर बनाने, घरेलु मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने लंबे समय के समाधान देने वाला, नई तकनीक को बढ़ावा देने वाला, मंहगाई को कम करने वाला बजट है।

### बजट में हरियाणा को नहीं मिली कोई बड़ी परियोजना



इनेलो के प्रदेश प्रवक्ता अर्जुन सिंह सुढ़ैल ने कहा कि केंद्र सरकार ने बजट में भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने का संकल्प तो दोहराया है। लेकिन आम नागरिक के जीवन में वास्तविक सुधार लाने वाली ठोस नीतियों का अभाव साफ दिखाई देता है। आज भी देश की लगभग 82 करोड़ जनता को मुफ्त राशन की जरूरत पड़ रही है। जो बताता है कि जमीनी स्तर पर गरीबी व बेरोजगारी अभी भी गंभीर समस्या बनी हुई है। ऐसे में विकसित भारत के बड़े दावे तब तक अधूरे हैं। इनेलो के प्रदेश प्रवक्ता अर्जुन सुढ़ैल ने कहा कि इस बजट में हरियाणा को कोई बड़ा औद्योगिक पैकेज, नई राष्ट्रीय परियोजना या विशेष आर्थिक सहायता नहीं दी गई। यदि हरियाणा को उद्योगों के लिए विशेष पैकेज दिया जाता तो रोजगार के बड़े अवसर पैदा होते। उन्होंने कहा कि जब अन्य राज्यों को नए एम्स, आईआईटी, मेट्रो परियोजनाएं, औद्योगिक पार्क व विशेष पैकेज मिल सकते हैं तो हरियाणा को ऐसे अवसरों से वंचित क्यों रखा जा रहा है।

### देश के भविष्य को लेकर विश्वास का है बजट



कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र के सांसद नवीन जिंदल ने कहा कि केंद्रीय आम बजट आर्थिक सर्वेक्षण में उल्लेखित कैलिब्रेटेड रियलिज्म की भावना को प्रतिबिंबित करता है। देश के भविष्य को लेकर विश्वास का बजट है। उन्होंने कहा कि यह बजट भारत की आर्थिक प्रगति को नई गति देने वाला सिद्ध होगा। सांसद नवीन जिन्दल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की टिप्पणी का समर्थन करते हुए कहा कि यह बजट अवसरों का राजमार्ग है। जो देश के युवाओं, उद्यमियों और निवेशकों के लिए नए द्वार खोलता है। उन्होंने कहा कि यह दूरदर्शी बजट विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में एक ठोस आधार तैयार करता है। उन्होंने कहा कि बजट में विनिर्माण क्षेत्र, बुनियादी ढांचे, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, कौशल विकास, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों, महिला उद्यमिता और युवाओं पर विशेष जोर दिया गया है। साथ ही नियामकीय सुधारों के माध्यम से आर्थिक गतिविधियों को सरल बनाने का प्रयास किया गया है।

## वर्तमान परिस्थितियों में पुलिस का सजग होना आवश्यक : गोयल




यमुनानगर। शिविर में संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल।

- जिला पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने शिविर में मुख्यातिथि के रुप में लिया भाग
- जिला पुलिस प्रशासन द्वारा कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए जगाधरी में दंगा नियंत्रण बल प्रशिक्षण शिविर का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला पुलिस प्रशासन द्वारा कानून व्यवस्था को अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य को लेकर पुलिस लाइन जगाधरी में दंगा नियंत्रण बल का विशेष प्रशिक्षण एवं मॉक ड्रिल अभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दंगा नियंत्रण बल की विभिन्न टुकड़ियों द्वारा मॉक ड्रिल का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने भाग लिया। मुख्यातिथि एवं पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में पुलिस बल का प्रशिक्षित एवं सजग रहना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य न्यूनतम बल का प्रयोग करते हुए भीड़ को नियंत्रित करना हैए ताकि जन सुरक्षा के साथ साथ मानवाधिकारों की भी रक्षा की जा सके। अभ्यास के दौरान पुलिसकर्मियों को विधि विरुद्ध भीड़ को नियंत्रित करने के लिए उपयोग में आने वाले विभिन्न उपकरणों एवं तकनीकों की जानकारी दी गई। इसमें कैन शील्ड, आंसू गैस के गोले, एंटी राइट गन, टियर गैस गन सहित अन्य दंगा नियंत्रण उपकरणों का प्रयोग कर व्यावहारिक अभ्यास करवाया गया। साथ ही वास्तविक परिस्थितियों के अनुरूप दंगा नियंत्रण की तकनीकों का प्रदर्शन भी किया गयाए ताकि जवान मौके पर सही निर्णय लेकर प्रभावी कार्रवाई कर सकें। पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने बताया कि यह विशेष प्रशिक्षण जिला पुलिस की उन कंपनियों को दिया गया है। जिन्हें जिले में होने वाले किसी भी प्रकार के दंगे,धरना प्रदर्शन, आंदोलन, बलवा, धार्मिक अथवा साम्प्रदायिक तनाव की स्थिति में त्वरित कार्रवाई के लिए तैयार किया गया है। ये प्रशिक्षित टीमें किसी भी आपात स्थिति में तुरंत मौके पर पहुंचकर कानून व्यवस्था बनाए रखने में सक्षम होंगी। उन्होंने कहा कि जिला पुलिस जनता की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और इस तरह के अभ्यास भविष्य में भी निरंतर जारी रहेंगे। ताकि पुलिस बल हर चुनौती का सामना कुशलता से कर सके और जिले में शांति बनी रहे।

## बौद्धिक विरासत विषय पर खालसा कॉलेज में आयोजित हुआ लेक्चर



यमुनानगर। वैबीनार में मौजूद स्टाफ सदस्य व अन्य।

**यमुनानगर।** गुरु नानक खालसा कॉलेज में गेस्ट लैक्चर का आयोजन किया गया। यह आयोजन क्रिटिक सोसाइटी भारतीय ज्ञान प्रणाली परंपराएं भारत की बौद्धिक विरासत का एक अवलोकन विषय पर आयोजित किया गया। इस लैक्चर में छात्रों और फैकल्टी को भारत की प्राचीन बौद्धिक और दार्शनिक परंपराओं की गहन जानकारी दी गई। यह लेक्चर में पंजाब यूनिवर्सिटी, चंडीगढ़ के इतिहास विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. आशीष कुमार मुख्य रूप से मौजूद रहे। डा. कुमार ने भारत की ज्ञान प्रणालियों के मुख्य घटकों पर प्रकाश डाला। जिसमें उपनिषद, जैन दार्शनिक ग्रंथ और अशोक का धम्म शामिल हैं। उन्होंने बताया कि अशोक का धम्म, एक नैतिक और चारित्रिक ढांचे के रूप में कैसे काम करता था, जो विविध आबादी के बीच सामाजिक अनुशासन और एकता बनाए रखने के लिए जिम्मेदार शासन को बढ़ावा देता था।

## नेटवर्किंग की समझ आईटी करियर के लिए आवश्यक: बत्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर



जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर में बीसीए विभाग की ओर से नेटवर्किंग द पैकेट डायनेमिक्स पे एक्सपर्ट लेक्चर का आयोजन किया गया। जिसमें 80 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्यवक्ता एचसीएलए नोएडा के डेवऑप्स इंजीनियर रजत बत्रा मौजूद रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को कंप्यूटर नेटवर्किंग की जानकारी दी और वास्तविक इंडस्ट्री में उनके उपयोग के बारे में विस्तार से बताया। मुख्यवक्ता रजत बत्रा ने विद्यार्थियों को नई तकनीकों के साथ अपडेट रहने और इंडस्ट्री-रेडी स्किल्स विकसित करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि नेटवर्किंग की मजबूत समझ आईटी करियर के लिए अत्यंत आवश्यक है। कॉलेज निदेशक डा. एसके गर्ग ने कहा कि इस प्रकार के एक्सपर्ट लेक्चर विद्यार्थियों को आने वाली तकनीकी चुनौतियों के लिए तैयार करते हैं। इस अवसर पर डॉ. नवदीप कुमार चोपड़ा, संवेदना, दीप्ति चौहान, प्रियंका चौहान, सुमित मौजूद रहे।

## आयुर्वेद के प्रति लोगों का बढ़ा रुझान: वर्मा

- शहीद एमएल वर्मा की बरसी पर नि :शुल्क आयुष चिकित्सा जांच शिविर का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



यमुनानगर। शिविर में मुख्यातिथि को स्मृतिचिन्ह भेंटकर सम्मानित करते आयोजक।

आयुष विभाग यमुनानगर के तत्वावधान में शहीद एमएएल वर्मा की बरसी पर गांव लल्हाड़ी कलां स्थित पीएम श्री एमएल वर्मा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में निःशुल्क आयुष चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में अंबाला मंडल के आयुक्त एवं महानिदेशक आयुष विभाग संजीव वर्मा ने भाग लिया। जबकि विशिष्ठ अतिथि के रुप में आयुष विभाग के अतिरिक्त निदेशक वीरेंद्र हुड्डा,आयुर्वेदिक औषधी निर्माता हरियाणा के चेयरमैन अनूप भारद्वाज व औषधी संघ यमुनानगर के अध्यक्ष डॉ. प्रवीण छाबड़ा मौजूद रहे। आयुष चिकित्सा जांच शिविर में चिकित्सकों द्वारा सैंकड़ो लोगों और बच्चों के स्वास्थ्य की जांच की। मौके पर बीमारियों से पीड़ति मरीजों को आयुष विभाग द्वारा निःशुल्क दवाइयां दी गई। मौके पर मुख्यातिथि एवं अंबाला मंडल के आयुक्त एवं महानिदेशक आयुष विभाग संजीव वर्मा ने कहा कि शहीद एमएल वर्मा को आज से 34 वर्ष पूर्व आतंकवादियों द्वारा गोलियों से छलनी कर शहीद कर दिया गया था। क्षेत्रवासी इस दिन को शहीदी दिवस एवं आतंकवाद विरोधी दिवस के रूप में मनाते हैं।

## अधिकारी तुरंत करें शिकायतों का समाधान: सहोता

- जिला सचिवालय में समस्या समाधान शिविर का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



यमुनानगर। शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते डीआरओ तरुण सहोता।

हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार जिला सचिवालय में सोमवार को समस्या समाधान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें डीआरओ तरुण सहोता ने लोगों की समास्याएं सुनी। उन्होंने अधिकांश समस्याओं का मौके पर समाधान किया गया और शेष को संबंधित अधिकारियों को समाधान करने के निर्देश दिए गए। डीआरओ तरूण सहोता ने बताया कि समाधान शिविर में आई शिकायतों का तत्परता के आधार पर समाधान किया जा रहा है। सोमवार को समाधान शिविर में आठ शिकायतें आई हैं। जिनमें कर्ण शर्मा ने प्रोपर्टी आईडी, वार्ड नंबर पांच निवासियों ने कालोनी में सफाई करवाने बारे शिकायत दर्ज कराई।

### सप्ताह में दो दिन आयोजित किए जा रहे शिविर

डीआरओ तरुण सहोता ने बताया कि समस्या समाधान शिविरों के आयोजन में अब सरकार द्वारा बदलाव किया गया है। अब यह समस्या समाधान शिविर सप्ताह में दो दिन सोमवार व वीरवार सुबह 10 से 12 बजे तक आयोजित किए जा रहे हैं। जिला स्तरीय समाधान शिविर जिला सचिवालय के सभागार में तथा उपमंडल स्तर के समाधान शिविर व्यासपुर, छछरौली व रादौर में स्थित एसडीएम कार्यालय में आयोजित किए जा रहे हैं।

## स्वस्थ युवा समाज रखता है सशक्त राष्ट्र की नींव: पलाका



**रादौर।** नवीन जिंदल फाउंडेशन के तत्वावधान में राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सैकेंडरी स्कूल रादौर में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 902 बच्चों व ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच की गई। मौके पर लोगों के नेत्र, दांत व विभिन्न स्वास्थ्य की जांचकर फाउंडेशन की ओर से मुफ्त दवाइयां दी गई। शिविर में मुख्यातिथि के रुप में पूर्व विधायक ईश्वर सिंह पलाका ने भाग लिया। शिविर में फाउंडेशन की ओर से चिकित्सकों की विभिन्न टीमों द्वारा ग्रामीणों, बच्चों, युवाओं व बुजुर्गों और महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच की गई। मुख्यातिथि ईश्वर सिंह पलाका ने कहा कि सांसद नवीन जिन्दल की सोच है कि स्वस्थ समाज ही सशक्त राष्ट्र की मजबूत नींव रखता है। उन्होंने कहा कि इन स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से ग्रामीणों को न केवल निःशुल्क जांच व उपचार मिल रहा है। बल्कि उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक भी किया जा रहा है। वहीं उन्होंने राष्ट्रीय ध्वज जागरूकता अभियान की सराहना की।



यमुनानगर। पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल को मिठाई खिलाते हुए कार्यकर्ता।

### आदमपुर हवाई अड्डे का नाम गुरु रविदास के नाम पर रखने पर भाजपा नेताओं ने लड्डू बांटकर जताई खुशी

**यमुनानगर।** हरियाणा के पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पंजाब स्थित आदमपुर हवाई अड्डे को श्री गुरु रविदास महाराज जी के नाम पर समर्पित करके सराहनीय कार्य किया है। कंवरपाल ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इस निर्णय की जितनी प्रशंसा की जाए उतनी ही कम है। मौके पर जगाधरी विधानसभा क्षेत्र के सैंकड़ों कार्यकर्ताओं व आमजन ने उनके जगाधरी कार्यालय पर पहुंचकर खुशियां मनाई। कंवरपाल ने बताया कि गुरु रविदास की जयंती पर लिया गया यह निर्णय ऐतिहासिक है। गुरु रविदास ने अपने जीवन से समानता, करुणा और सेवा का जो संदेश दिया वह आज भी समाज को दिशा और प्रेरणा प्रदान करता है।

## पटवारियों ने मांगो को लेकर किया प्रदर्शन

### कुछ दिन पहले छह पटवारियों को किया था निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



यमुनानगर। प्रदर्शन करते हुए जिला पटवारी एवं कानूनगो एसोसिएशन के सदस्य।

जिला पटवारी एवं कानूनगो एसोसिएशन यमुनानगर द्वारा अपनी मांगो को लेकर सोमवार को शहर में धरना प्रदर्शन किया। उन्होंने सरकार से उनकी लंबित पड़ी मांगो को जल्द पूरा किया जाने की मांग की।

एसोसिएशन के वरिष्ठ सदस्य पटवारी मनिंदर सिंह ने बताया कि उन्होंने कुछ दिन पहले अपनी मांगो को लेकर सरकार के पास ज्ञापन भेजा गया था। मगर सरकार ने उनके ज्ञापन के बारे में कोई गंभीरता नहीं दिखाई और उनकी मांगे अभी भी लंबित पड़ी हैं। जिसके कारण पटवारियों व कानूनगो में रोष व्याप्त है। उन्होंने बताया कि गत दिनों बिना कारण के छह पटवारियों को निलंबित कर दिया गया। जिसके कारण पटवारियों व कानूनगो में रोष है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने उनकी मांगो को जल्द पूरा नहीं किया गया तो वह बड़ा आंदोलन करने पर मजबूर हो जाएंगे। जिसकी जिम्मेदारी सरकार की होगी।

## गुरु रविदास का संदेश समतावादी समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत

# संत परंपरा में गुरु रविदास का महत्वपूर्ण स्थान: डॉ. निर्मल

**कार्यक्रम में समाजसेवी डॉ. निर्मल सिंह ने मुख्यातिथि के रूप में लिया भाग**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



यमुनानगर। कार्यक्रम में डॉ . निर्मल सिंह को सम्मानित करते आयोजक।

संत गुरु रविदास महाराज के प्रकाशोत्सव के उपलक्ष में गांव खुर्दी व गुलाबगढ़ में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें बसपा के पूर्व प्रदेश महासचिव एवं वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. निर्मल सिंह ने मुख्यातिथि के रुप में भाग लिया। मौके पर आयोजकों ने मुख्यातिथि डॉ. निर्मल सिंह को फूलमालाएं पहनाकर व स्मृतिचिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। उन्होंने 51 फुट का झंडा फहराने की रस्म अदा की गई। इस अवसर पर विशिष्ठ अतिथि के रुप में डॉ. अनु बेनीवाल मौजूद रही। मुख्यातिथि डॉ. निर्मल सिंह ने कहा भारत की मध्यकालीन संत परंपरा में संत गुरु रविदास महाराज का महत्वपूर्ण स्थान है। जिनकी गणना केवल भारत में ही नहीं, बल्कि पूरे संसार में की जाती है। उन्होंने गांव खुर्दी समेत कई अन्य गांव में आयोजित कार्यक्रमों में बतौर मुख्यातिथि के रुप में लोगों को संत गुरु रविदास द्वारा दिखाए मार्ग पर चलने के लिए आहवान किया। डॉ. निर्मल सिंह ने कहा कि संत गुरु रविदास महाराज का संदेश न्याय संगत व समतावादी समाज के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। उन्होंने कहा कि हमारे गुरुओं, संतो, ऋषि मुनियों, पीर पैगंबरो को सच्चाई व धर्म के मार्ग पर चलने का सन्देश दिया है।

### गुरु रविदास की शिक्षाएं समाज के लिए जरूरी

डॉ. निर्मल सिंह ने कहा कि गुरु रविदास का जन्म ऐसे समय काल में हुआ था जब छुआछूत समेत अन्य सामाजिक बुराईयां चरम पर थी। मगर उन्होंने पूरी मानवता को इन बुराईयों से ऊपर उठकर एक ईश्वर की अराधना करने की शिक्षा दी। संत शिरोमणि श्री रविदास महाराज की शिक्षाएं समाज के लिए आज भी उतनी ही प्रासंगिक एवं जरूरी हैं। जितनी सैंकडों वर्ष पूर्व उनके समयकाल में थी। उनका प्रेम, सच्चाई व धार्मिक सौहार्द का पावन संदेश हर दौर में प्रासंगिक है।

## खबर संक्षेप



### मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**कुरुक्षेत्र।** संत शिरोमणि सतगुरु रविदास जी की 649वी जयंती पर वाल्मीकि अम्बेडकर शिक्षा मिशन द्वारा गांव मिजार्पुर के वाल्मीकि धर्मशाला में 10वीं और 12वीं पास मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया और शिक्षा संवाद करवाया गया। मुख्य वक्ता के रूप पहुंचे मास्टर रघबीर सिंह और हिंदी विभाग के शोधार्थी विनोद चौहान व वनस्पति विभाग के शोधार्थी धीरज कुमार व अभिषेक कुमार इन सभी वक्ताओं ने विधार्थियों को साइंस आर्ट और सभी प्रकार की शिक्षा से जुड़ी बातें बताई और आगे बढ़ने के टिप्स दिए।

### निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया

**शाहबाद।** रोटरी प्रधान डॉ. आर. एस. घुम्मन ने बताया कि शाहाबाद मारकंडा स्थित मारकंडा नेशनल कॉलेज में नवीन जिंदल फाउंडेशन द्वारा विभिन्न रोगों के लिए एक निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर को सफल बनाने में रोटरी क्लब शाहाबाद मारकण्डा ने सक्रिय सहयोग व पूर्ण समर्थन प्रदान किया। स्वास्थ्य शिविर में शाहाबाद मारकंडा तथा आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया।

### बिजली उपभोक्ता फोरम की बैठक आज

**कुरुक्षेत्र।** एचबीवीएन के अधीक्षक अभियंता मदन गोपाल जिंदल ने कहा कि बिजली संबंधी उपभोक्ताओं की शिकायतों का शीघ्र निवारण के लिए विद्युत सदन यूएचबीवीएन में चेयरमैन की अध्यक्षता में उपभोक्ता फोरम की एक बैठक 3 फरवरी को होगी। उन्होंने कहा कि उपभोक्ता शिकायत फोरम की बैठक सेक्टर-8 एसई विद्युत सदन यूएचबीवीएन यूएचबीवीएन कुरुक्षेत्र में 3 फरवरी को सुबह 11 बजे से लेकर दोपहर 1 बजे तक होगी। इस बैठक में बिजली सम्बन्धित वह समस्याएं सुनी जाएगी, जिनका एसडीओ सहित स्थानीय अधिकारियों से मिलने उपरांत भी कोई समाधान नहीं हो रहा है। ऐसे सभी उपभोक्ता अपनी समस्याओं को इस फोरम के समक्ष रख सकते है।

### कार्यक्रम में मूर्तिकारों को किया सम्मानित

**पिहोवा।** सरस्वती हेरिटेज डेवलपमेंट बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच ने कहा कि पवित्र पिहोवा तीर्थ इंटरनेशनल सरस्वती महोत्सव 2026 के एक खास हाईलाइट के तौर पर हुए 15 दिन के नेशनल कंटेम्परेरी स्टोन कार्विंग स्कल्पचर सिंपोजियम का सफलतापूर्वक समापन हुआ। इस सिंपोजियम में आज के जमाने की 16 शानदार पत्थर की मूर्तियां बनाई गईं। सरस्वती हेरिटेज डेवलपमेंट बोर्ड के उपाध्यक्ष धूमन सिंह किरमच सोमवार को सरस्वती तीर्थ पिहोवा पर आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस दौरान सभी मूर्तिकारों को सम्मानित भी किया।

## 35वीं सब जूनियर राष्ट्रीय खो-खो चैंपियनशिप में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

# खिलाड़ी केवल जीत के लिए नहीं, बल्कि राष्ट्र गौरव के उद्देश्य से मैदान में उतरें : श्योकंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

धर्मनगरी कुरुक्षेत्र में आयोजित 35वीं सब जूनियर राष्ट्रीय खो-खो चैंपियनशिप पूरे देश के युवा खिलाड़ियों के लिए खेल, अनुशासन और संस्कारों का सशक्त संदेश दे रही है। इसी क्रम में अंतरराष्ट्रीय जाट धर्मशाला, कुरुक्षेत्र के प्रधान डॉ. कृष्ण श्योकंद ने केशव पार्क खेल मैदान में पहुंचकर प्रतियोगिता में अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। डॉ. कृष्ण श्योकंद ने देश के विभिन्न राज्यों से आए खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए उन्हें खेल को खेल भावना से खेलने, अनुशासन में रहने और नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि खिलाड़ी केवल जीत के लिए नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण, भाईचारे और राष्ट्र गौरव के उद्देश्य से खेल मैदान में उतरें। अपने प्रेरणादायी संबोधन में उन्होंने खिलाड़ियों से आह्वान किया कि वे अपने माता-पिता, गुरुजनों, प्रदेश और देश का नाम रोशन करने का संकल्प लेकर खेलें। डॉ. श्योकंद ने कहा कि खेलों के माध्यम से युवा पीढ़ी देश की सबसे बड़ी शक्ति बन सकती है प्रधान डॉ. कृष्ण श्योकंद ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जो खिलाड़ी देश या प्रदेश का नाम रोशन करने की क्षमता रखता है, वह संसाधनों या सुविधाओं के अभाव में कभी पीछे नहीं रहेगा। ऐसे प्रतिभाशाली खिलाड़यों के लिए अंतरराष्ट्रीय जाट धर्मशाला, कुरुक्षेत्र एवं स्वतंत्र समूह सेवा समिति तन-मन-धन से सहयोग के लिए सदैव तत्पर है। उन्होंने यह भी घोषणा की कि कोई भी खिलाड़ी, कोच, टीम मैनेजर, पदाधिकारी अथवा अभिभावक यदि कुरुक्षेत्र आता है, तो वह बिना किसी संकोच के अंतरराष्ट्रीय जाट धर्मशाला में ठहर सकता है। संस्था की ओर से रहने व खाने की संपूर्ण व्यवस्था पूर्णतः निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। इस अवसर पर डॉ. कृष्ण श्योकंद ने खो-खो फेडरेशन ऑफ इंडिया एवं हरियाणा स्पोर्ट्स खो-खो एसोसिएशन द्वारा दिए गए मान-सम्मान के लिए सभी पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर हरियाणा स्पोर्ट्स खो खो एसोसिएशन के जनरल सेक्रेटरी महेंद्र कम्बोज, भारतीय खो खो संघ के कोषाध्यक्ष गोविंद शर्मा, डॉ चंद्रजीत जाधव, एडवोकेट बृजभान सिंह, सुभाष रूहिल, डॉ मुन्नी जून, बीजेपी पूर्व जिला अध्यक्ष राजकुमार सैनी, अनुराग बिढान, सूरत सिंह, अनिल दलाल, सतीश खटकड़, परवीन जिंदल, मोनू आदि मौजूद रहे।



**कुरुक्षेत्र।** खिलाड़ियों को संबोधित करते अंतरराष्ट्रीय जाट धर्मशाला, कुरुक्षेत्र के प्रधान डॉ. कृष्ण श्योकंद।

### टॉस करवाकर मैच का शुभारंभ करवाया

वहीं फेडरेशन के पदाधिकारियों ने भी अंतरराष्ट्रीय जाट धर्मशाला कुरुक्षेत्र द्वारा खिलाड़ियों के ठहरने, भोजन एवं अन्य सुविधाओं की उत्कृष्ट व्यवस्था के लिए संस्था की समस्त कार्यकारिणी का धन्यवाद किया कार्यक्रम के दौरान डॉ. कृष्ण श्योकंद ने दिल्ली और दमन-दीप के बीच खेले जाने वाले मुकाबले में खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया, टॉस करवाकर औपचारिक रूप से मैच का शुभारंभ कराया। खिलाड़ियों ने भी प्रधान जी के स्नेहपूर्ण व्यवहार और प्रेरक शब्दों से उत्साहित होकर उत्कृष्ट खेल भावना का परिचय दिया। यह आयोजन न केवल एक खेल प्रतियोगिता है, बल्कि युवा पीढ़ी को सही दिशा देने वाला सामाजिक और सांस्कृतिक संदेश भी दे रहा है, जिसमें अंतर्राष्ट्रीय जाट धर्मशाला कुरुक्षेत्र की भूमिका अत्यंत सराहनीय रही है।

**केयू में उद्योग-संलग्न कौशल-आधारित पर्यावरण एवं सतत विकास पर साप्ताहिक कार्यशाला का शुभारंभ**

# जलवायु परिवर्तन, पर्यावरणीय क्षरण वर्तमान की गंभीर चुनौतियां : सचदेवा


**कुरुक्षेत्र।** विद्यार्थियों को संबोधित करते कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

जलवायु परिवर्तन, पर्यावरणीय क्षरण और संसाधनों की कमी अब भविष्य की नहीं बल्कि वर्तमान की गंभीर चुनौतियां हैं, जिनका समाधान शैक्षणिक संस्थानों और उद्योगों के प्रभावी सहयोग से ही संभव है। विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए पर्यावरण एवं सतत विकास पर ध्यान देना परमावश्यक है। यह उदगार कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने सोमवार को केयू पर्यावरण अध्ययन संस्थान द्वारा उद्योग-संलग्न कौशल-आधारित पर्यावरण एवं सतत विकास विषय पर आयोजित साप्ताहिक कार्यशाला का बतौर मुख्यातिथि उद्घाटन करते हुए व्यक्त किए। प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि पर्यावरण की समस्या भविष्य की नहीं बल्कि वर्तमान की समस्या है। उन्होंने उच्च शिक्षा में मूलभूत परिवर्तन की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि विश्वविद्यालयों को अब केवल सैद्धांतिक ज्ञान तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि उन्हें औद्योगिक स्तर पर सतत समाधान विकसित करने वाले केंद्र बनना होगा। इस अवसर पर केयू छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. एआर चौधरी, डीन जीवन विज्ञान संकाय प्रो. जसबीर ढांडा डीन, प्रो. भगवान सिंह, प्रो. परमेश कुमार, प्रो. दीपक राय, प्रो. अनीता भटनागर, प्रो. सुमन ढांडा, प्रो. जितेंद्र शर्मा, प्रो. अनीता दुआ, प्रो. रीटा, प्रो. विवेक चावला, प्रो. नीरज कुमार, प्रो. प्रेम कुमार आदि मौजूद रहे।

# संत रविदास का संदेश समाज को समरसता की राह दिखा रहा : सैनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

- गांव मुर्तजापुर व सैंसा एवं गांव थाना में श्रद्धा और भक्ति भाव से कार्यक्रमों का आयोजन

संत शिरोमणि गुरु रविदास जी महाराज के 649वें प्रकटोत्सव के पावन अवसर पर पिहोवा स्थित गुरु रविदास मंदिर सहित गांव मुर्तजापुर, गांव सैंसा एवं गांव थाना में श्रद्धा और भक्ति भाव से कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पिहोवा के सुप्रसिद्ध समाजसेवी एवं सैंसंस पेपर इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर प्रदीप सैनी ने विभिन्न स्थलों पर पहुंचकर गुरु रविदास जी महाराज के चरणों में माथा टेका और समाज की सुख-समृद्धि की कामना की। प्रदीप सैनी ने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास जी महाराज ने समानता, भाईचारे और मानवता का जो संदेश दिया, वह आज भी समाज के लिए मार्गदर्शक है। उन्होंने कहा कि गुरु रविदास जी की शिक्षाएं जाति-भेद से ऊपर उठकर एक समरस और सशक्त समाज के निर्माण की प्रेरणा देती हैं। उन्होंने कहा कि आज के समय में गुरु रविदास जी के विचारों को अपनाकर ही सामाजिक एकता, सद्भाव और आपसी भाईचारे को मजबूत किया जा सकता है। ऐसे आयोजन नई पीढ़ी को संत महापुरुषों के आदर्शों से जोड़ने का कार्य करते हैं।



# मेहनत-आत्मविश्वास से सपना हो सकता है साकार : कलसाना

- एडिशन सेशन जज नियुक्त होने पर हिमांशु शर्मा के परिवार का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शाहबाद

हिमांशु शर्मा के एडिशनल सेशन जज के पद पर नियुक्त होने पर क्षेत्र में खुशी का माहौल है। इसी कड़ी में भाजपा नेता सुभाष कलसाना सहित कई अधिवक्ता उनके निवास पर पहुंचे और उनके माता-पिता कल्पना शर्मा, रविन्द्र शर्मा, सुरेन्द्र शर्मा, अंबिका शर्मा, सुदांशु शर्मा का फूल मालाओं के साथ स्वागत किया। इस मौके पर भाजपा नेता सुभाष कलसाना ने कहा हिमांशु शर्मा की सफलता यह साबित करती है कि निरंतर मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास से कोई भी सपना साकार किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सफलता हासिल करने तक हिमांशु शर्मा ने किसी भी परिस्थितियों में भी हार नहीं मानी और आज युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बन गए हैं। आज उन्होंने न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। भाजपा मंडल अध्यक्ष यादविन्द्र लक्की राणा और पार्षद ईशु सचदेवा ने कहा कि हिमांशु शर्मा की नियुक्ति युवाओं के लिए एक मजबूत संदेश है कि अगर लक्ष्य स्पष्ट हो और मेहनत सच्ची हो, तो सफलता जरूर मिलती है।


**शाहबाद।** एडिशनल सेशन जज बने हिमांशु शर्मा के परिवार का अभिंनदन करते सुभाष कलसाना।

### उज्ज्वल भविष्य की कामला की

वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक वत्स ने कहा हिमांशु शर्मा शुरू से ही मेहनती, ईमानदार और कानून की गहरी समझ रखने वाले रहे हैं। उनका जज के पद पर चयन न्याय व्यवस्था के लिए भी सकारात्मक व मजबूत संदेश है। अधिवक्ता इन्द्रजीत कोहली और ईशान ठकराल ने कहा कि हिमांशु शर्मा की सफलता वर्षों की साधना और अनुशासित अध्ययन का परिणाम है। उन्होंने यह दिखा दिया कि निरंतर प्रयास से असंभव को भी संभव बनाया जा सकता है। इस दौरान मौजूद सभी लोगों ने हिमांशु शर्मा के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि हिमांशु शर्मा एक कुशल, निष्पक्ष और न्याय पारखी न्यायधीश सिद्ध होंगे।


**थानेसर।** श्रीकृष्ण कृपा गोशाला सेवा समिति द्वारा आयोजित ब्रह्मसरोवर की मासिक परिक्रमा में भाग लेते श्रद्धालु।

## श्रीकृष्ण कृपा गोशाला ने ब्रह्मसरोवर पर की परिक्रमा

**थानेसर।** गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज की प्रेरणा से श्री कृष्ण कृपा गौशाला सेवा समिति की ओर से ब्रह्मसरोवर की मासिक परिक्रमा आयोजित की गई। सर्वेश्वर महादेव मंदिर के सामने से यह परिक्रमा कृपा बिहारी जी की पावन पालकी के साथ श्रद्धा, भक्ति एवं उल्लास के साथ भव्य रूप से प्रारंभ हुई। ब्रह्मसरोवर की इस परिक्रमा में भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। राधा और कृष्ण भाव के भजनों से ब्रह्मसरोवर का वातावरण गुंजायमान हो उठा। भजनों के मधुर गायन के साथ भक्ति रस में सराबोर श्रद्धालुओं के साथ ब्रह्मसरोवर की परिक्रमा उसी स्थान पर आकर संपन्न हुई, जहां ठाकुर जी की आरती उतारी गई और भजन गाए गए। परिक्रमा में शामिल श्रद्धालु ठाकुर जी के पालकी के सामने जमकर नाचे। संपूर्ण वातावरण भक्ति, श्रद्धा एवं आध्यात्मिक चेतना से ओत-प्रोत रहा। महिला मंडल ने भजनों का भाव पूर्ण गायन करके वातावरण को भक्तिमय बना दिया। श्री कृष्ण कृपा गौशाला सेवा समिति के प्रधान सुनील वत्स ने जानकारी दी कि होली पर्व के उपलक्ष्य में 7 से 21 फरवरी तक नगर के विभिन्न क्षेत्रों में प्रात: 5 से 7 बजे तक प्रभातफेरियां आयोजित की जाएगी। इसके पश्चात 25 से 3 फरवरी तक श्री कृष्ण कृपा गौशाला के प्रांगण में गौ सेवा को समर्पित श्रीमद्भागवत कथा का भव्य आयोजन किया जाएगा।

## डॉ. सतपाल सिंह बग्गा बने जिला कुरुक्षेत्र के उप जिला शिक्षा अधिकारी



**कुरुक्षेत्र।** जिला कुरुक्षेत्र में डॉ. सतपाल सिंह बग्गा ने जिला शिक्षा अधिकारी का पद ग्रहण किया है। सनंद रहे की डॉ. सतपाल बग्गा प्रध्यापक के एवं प्राचार्य के रूप में काफी लंबे समय तक जिला कुरुक्षेत्र में अपनी सेवाए पहले भी दे चुके हैं। पूर्व के अधिकारी हमेशा इनके बेहतर कार्य की प्रशंसा करते रहे हैं क्योंकि इनकी कार्यशैली तो बेहतर है ही बल्कि इनका स्वभाव मिलनसार और माधुरभाषी है। जिला कुरुक्षेत्र में डॉ सतपाल सिंह बग्गा द्वारा उप जिला शिक्षा अधिकारी का कार्यगहण करने के अवसर पर जिला परियोजना अधिकारी कृष्ण कुमार नेहरा के अतिरिक्त सेवानिवृत्ति प्रिंसिपल भजन सिंह राठौर, वीरेंद्र वालिया, रामपाल सरोहा ने डॉ. सतपाल सिंह बग्गा को पुष्पगुच्छ देकर उनका अभिनंदन किया और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि डॉ बग्गा के नेतृत्व में जिला कुरुक्षेत्र शिक्षा के क्षेत्र में और अत्याधिक बुलंदियों को छूएगा । इस अवसर पर कार्यालय में अन्य प्राध्यापक, शिक्षक एवं अन्य कर्मचारी भी उपस्थित थे।

## महायज्ञ में सम्मिलित हुए संत एवं यजमानों का जताया आभार



**पिहोवा।** गांव धनीरामपुरा स्थित मां बगलामुखी धाम में भारत साधु समाज के प्रदेशाध्यक्ष श्रीमहंत बंसी पुरी के सानिध्य में आयोजित हुए 29वें मां बगलामुखी प्रकटोत्सव महायज्ञ के सफलतापूर्वक संपन्न होने पर मंदिर के महंत भीम पुरी ने कार्यक्रम में शामिल हुए विशिष्ट अतिथियों, गणमान्यजनों, दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं एवं ग्राम व नगर वासियों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की है। उन्होंने महायज्ञ में सम्मिलित हुए संत महात्मा ब्राह्मणों एवं यजमानों का भी आभार ज्ञापित किया। महंत भीम पुरी ने कहा कि मां बगलामुखी, यज्ञ स्थल तक पहुंचने वाले श्रद्धालुओं एवं महायज्ञ में तन मन-धन से सहयोग करने वाले भक्तों की सभी मनोकामनाएं यकीनन पूरा करती है। गांव धनीरामपुरा के सरपंच व सेवादार विकल चौबे ने धार्मिक आयोजन उत्सव में सहभागिता पर ईश्वर के प्रति भाव दृढ़ होने की बात की है। हमारे पर्व, धार्मिक आयोजन सामाजिक एवं आध्यात्मिक दृष्टिकोण से पूरी तरह सार्थक है।

## पर्यावरण संरक्षण को लेकर मार्केट कमेटी चलाएगा विशेष अभियान : डा. गणेश दत्त


हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा

लाडवा मार्केट कमेटी के चेयरमैन डा. गणेश दत्त ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण को लेकर मार्केट कमेटी द्वारा विशेष अभियान चलाएगा। मंडी में लगे पेड़-पौधों की देखभाल व उनके रखरखाव को ध्यान में रखते हुए पेड़ों के फाउंडेशन की जाएगी, जिससे मंडी में लगे पेड़ों को किसी भी प्रकार की कोई क्षति न पहुंचे। इसके अलावा उचित स्थानों पर पेड़ व पौधों को रोपित भी किया जाएगा। मार्केट कमेटी चेयरमैन डा. गणेश दत्त सोमवार को लाडवा अनाज मंडी में स्थित मार्किट कमेटी के कार्यालय में आयोजित मासिक बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को कुछ आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। इसके अलावा अधिकारियों के साथ मंडी का दौरा भी किया। चेयरमैन डॉ. गणेश दत ने कहा कि सरकार के द्वारा पेश किया गया बजट आम जनता, मध्यम वर्ग व किसानों को ध्यान में रखते हुए बनाया गया है। ग्रामीण इलाकों में एक जिला-एक उत्पाद योजना को मजबूत करेंगे। इससे प्रोडक्शन, ट्रेनिंग और मार्केट बढ़ेंगे। खादी और हथकरघा को मजबूत करने के लिए महात्मा गांधी ग्राम स्वराज पहल शुरू होगी। रेशम, ऊन और जूट फाइबरों में आत्मनिर्भरता के लिए राष्ट्रीय फाइबर योजना लाई जाएगी। इस मौके पर मार्केट कमेटी के सचिव संत कुमार, राजेश सैनी, अनुज गोयल सहित मार्किट कमेटी के सदस्य, कर्मचारी, मंडी के आढ़ती, किसान आदि गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।



# बुजुर्गों से पेंशन का छीना जा रहा अधिकार : डॉ. जसविंदर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



हरियाणा के बुजुर्गों को ताऊ देवीलाल द्वारा पेंशन के रूप में दिया गया सम्मान और सुरक्षा आज खतरे में है। वर्तमान हरियाणा सरकार पेंशन से जुड़े नियमों में बदलाव कर बुजुर्गों के उस अधिकार को छीनने का काम कर रही है, जिसे ताऊ देवीलाल ने सामाजिक न्याय की भावना के साथ लागू किया था। यह कड़े शब्दों में कहना है युवा जननायक जनता पार्टी के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. जसविंदर सिंह खैहरा का। डॉ. खैहरा ने कहा कि ताऊ देवीलाल ने बुजुर्गों को पेंशन कोई भीख के रूप में नहीं, बल्कि उनके आत्मसम्मान, सुरक्षित जीवन और सम्मानजनक बुढ़ापे के अधिकार के तौर पर दी थी। आज सरकार आय सीमा बढ़ाकर, पात्रता के नियम सख्त करके और तकनीकी अड़चनों के जरिये लाखों बुजुर्गों को पेंशन से वंचित कर रही है, जो पूरी तरह जनविरोधी और अमानवीय है। उन्होंने कहा कि जिन बुजुर्गों ने अपना पूरा जीवन हरियाणा की तरक्की, खेती, मेहनत और सेवा में लगा दिया, आज वही बुजुर्ग दवाइयों, राशन और रोजमर्रा की जरूरतों के लिए परेशान हैं। सरकार की यह नीति बुजुर्गों के प्रति उसकी संवेदनहीन सोच को उजागर करती है। डॉ. जसविंदर सिंह खैहरा ने कहा कि पेंशन में कटौती या उसे रोकना केवल आर्थिक मुद्दा नहीं है, बल्कि यह बुजुर्गों के आत्मसम्मान पर सीधा हमला है।

**कार्यक्रम** | पूर्व राज्यमंत्री ने जिला स्तरीय फसल विविधीकरण पर किसान मेला में किया संबोधित

# किसानों को फायदा खाते में प्रत्येक एकड़ के हिसाब से देने के लिए करवाया रहा पंजीकरण : सुभाष सुधा

**मेले में जिले के लगभग 800 किसानों ने भाग लिया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देशभर के किसानों को फायदा सीधे उनके खाते में प्रत्येक एकड़ के हिसाब से देने के लिए किसान के हर एकड़ का पंजीकरण करवाया जा रहा है। सरकार द्वारा फसल विविधीकरण को लेकर किसानों को लगातार कई वर्षों से प्रोत्साहन राशि उपलब्ध करवाई जा रही है। इस वर्ष इस स्कीम के तहत जिले में 264 लाख का बजट अलॉट किया गया है। उन्होंने कहा कि लगातार एक ही फसल चक्र से जहां पैदावार कम हो रही है वहीं किसानों को होने वाली आय भी कम होती है। उन्होंने प्रदेश में विशेषकर गिर रहे जल स्तर पर चिंता व्यक्त करते हुए किसानों का आह्वान किया कि वे धान की फसल के स्थान पर अन्य फसलों का चयन करें। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा सोमवार को जिला स्तरीय फसल विविधीकरण पर एक दिवसीय किसान मेला में बोल रहे थे। इस मेले में जिले के लगभग 800 किसानों ने भाग लिया। पूर्व मंत्री ने देशभर में प्राकृतिक खेती को प्रधानमंत्री द्वारा दिए जा रहे प्रोत्साहन पर उनका आभार व्यक्त किया व किसानों से अधिक से अधिक संख्या में इसे अपनाने का आह्वान किया। मेले में प्रश्नोत्तरी के लिए 10 किसानों को पुरस्कार वितरण किए गए एवं विभागीय अधिकारियों/कर्मचारियों को फसल प्रबंधन पर अच्छा कार्य करने के लिए प्रशस्ति पत्र दिए गए।



**कुरुक्षेत्र।** किसान को सम्मानित करते पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा।

### किसानों और अतिथियों का किया स्वागत

उप कृषि निदेशक डा कर्मचंद ने किसानों व अतिथियों का स्वागत करते हुए विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं बारे विस्तृत जानकारी देते हुए एग्री स्टैक स्कीम में किसान को अपने खेतों की आईडी बनवाने बारे आग्रह किया। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री सम्मान निधि योजना की राशि किसान के खाते में सीधे आएगी तथा खाद का वितरण खेतीहर किसान आईडी बन जाने के बाद सुचारू रूप से मिल पाएगा। मेरी फसल मेरा ब्यौरा को भी इसी स्कीम के साथ जोड़ा गया है। डॉ. हरिओम ने किसानों को प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया ताकि खेतों में किसान की लागत कम हो तथा आय अधिक से अधिक हो। उन्होंने किसानों को प्राकृतिक खेती बारे विस्तारपूर्वक जानकारी दी। गेहूं एवं जौ अनुसंधान केंद्र के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. अनुज कुमार ने किसानों को बताया कि वैज्ञानिक पद्धति से खेती करने के लिए सरकार लगातार प्रोत्साहित करती रही है। इसके साथ ही गेहूं की किस्में व गेहूं में आने वाली बीमारियों तथा उनकी सावधानी के बारे किसानों को जागरूक किया। इस अवसर पर गुण नियंत्रण निरीक्षक डा. शशिपाल, डा. मनीशा व खंड कृषि अधिकारी डा. विनोद कुमार के अलावा विभाग के अन्य अधिकारी व कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### समाधान शिविर में सुनीं लोगों की समस्याएं

**शहजादपुर।** उपमंडल स्तर पर आयोजित समाधान शिविर में बीडीपीओ जोगेश कुमार ने ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों से आए नागरिकों की समस्याएं सुनीं तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों को समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सीएम विंडो एमिनेंट पर्सन जसविंदर सिंह बख्तुआ सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। समाधान शिविर में विभिन्न गांवों व वार्डों से आए लोगों ने अपनी समस्याएं रखीं। गांव फतेहपुर-80 के जय सिंह ने वृद्धावस्था पेंशन बंद होने की शिकायत करते हुए कहा कि उसकी पेंशन बंद हो गई है, जिसे दोबारा चालू किया जाए।

### सभा ने सैनी भवन का स्थापना दिवस मनाया

**शहजादपुर।** सैनी सभा द्वारा सैनी भवन का स्थापना दिवस परिसर में श्रद्धा, उल्लास और सामाजिक एकता के वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर विधिवत हवन-पूजन का आयोजन किया गया, हवन यज्ञ में समाज के लोगों ने आहुति डालकर सुख-समृद्धि और समाज के उत्थान की कामना की। गौरतलब है कि सैनी भवन की स्थापना 2 फरवरी 2016 को तत्कालीन राज्य मंत्री एवं वर्तमान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में की गई थी।

### विद्यार्थियों को दी बैंकिंग की जानकारी

**शहजादपुर।** राजकीय महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. रोहित कुमार की अध्यक्षता में प्लेसमेंट सेल और कंप्यूटर साइंस के संयुक्त तत्वावधान में नियोजक जागरूकता पर एक ऑनलाइन इंटरएक्टिव सत्र का आयोजन किया गया। डॉ. सुमन लता के संयोजन में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रशिक्षक महिमा पांडेय ने ऑनलाइन ट्रेडिंग के लिए डीमेट खाता खोलने की प्रक्रिया और इसके लाभ, डिपॉजिटरी सिस्टम, शेयरों के इलेक्ट्रॉनिक रूप में रख-रखाव की जानकारी दी।

### संदिग्ध हालात में युवती लापता, मामला दर्ज

**जींद।** गांव डोहानाखेड़ा से युवती के संदिग्ध हालात में गायब होने पर सदर थाना नरवाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव डोहानाखेड़ा निवासी एक युवक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 31 जनवरी को उसकी बहन घर से गायब हो गई। तलाशने तथा पूछताछ करने पर उसकी बहन का कोई सुराग नही लगा। सदर थाना नरवाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### चोरों ने खेत से हजारों का सामान चुराया

**कैथल।** कैथल के गांव बालू से चोर खेतों में बने कमरे से समर्सिबल मोटर, गैस सिलेंडर व अन्य सामान चुरा कर ले गए। गांव बालू के कुलदीप सिंह ने कलायत पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 31 जनवरी की रात को चोर उसके व उसके खेतों में बने कमरे के आसपास बने कमरों का दरवाजा तोड़ते हुए इनवर्टर, बैटरी, टुल्लू पंप, गैस सिलेंडर व अन्य सामान चुरा कर ले गए।

---

प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विवि में महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में भव्य कार्यक्रम

# तनाव से मुक्ति चाहिए तो बढ़ानी होगी आंतरिक शक्ति : शिवानी

इंसान की सोच ही उसके तनाव का कारण बन चुकी है, इससे मुक्ति के लिए अपने अंतर्मन में झांकने की जरूरत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। कार्यक्रम में मौजूद लोग। फोटो : हरिभूमि

अंबाला शहर के कंचघर स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज़ ईश्वरीय विश्वविद्यालय में महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य पर भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें मुख्य रूप में चंद्रगुप्त और निगम सदस्य यतिन बंसल शामिल हुए। मुख्य वक्ता एवं सेवा केंद्र की निर्देशिका राजयोगिनी बीके शिवानी दीदी ने आध्यात्मिकता के द्वारा तनाव मुक्त कैसे बने विषय पर विस्तार से बताते हुए कहा कि हमारी सोच ही हमारे तनाव का कारण बन चुकी है। हमारे पास सुख सुविधाओं के सब साधन होते हुए भी हम मन से परेशान है क्योंकि हमारी इच्छाएं बढ़ती जा रही है। हमने समझ लिया है की टेंशन के बिना तो काम चल ही नहीं सकता, पर वास्तव में ऐसा नहीं है। हमें अपने कार्य करने के लिए अपने कार्य के प्रति समर्पित होना तो बहुत जरूरी है लेकिन वह समर्पितता स्ट्रेस में ना बदल जाए इसके ऊपर हमें ध्यान देना है, अगर हम तनाव से मुक्ति चाहते हैं तो हमें अपनी आंतरिक शक्ति को बढ़ाना होगा तभी हम खुशहाल जीवन जी सकते हैं। मुख्य अतिथि यतिन बंसल ने ब्रह्माकुमारीज के कार्यों की सराहना की। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि हमारे क्षेत्र में ब्रह्माकुमारीज ने जो अपना सेवा केंद्र खोला हैं सेक्टर 1 में तो इसके आसपास के एरिया में तो पवित्रता के प्रतिकंपन फैल ही रहे हैं और इससे सेक्टर 1 में पवित्र वायुमंडल बन गया है। इन पवित्र आत्माओं के सानिध्य में रहना बहुत अच्छा लगता है। कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने के लिए विशेष पठानकोट से पधारे गायक ओमप्रकाश ने बहुत सुंदर शिव भजनों के साथ कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। राजयोगिनी बीके एकता दीदी ने ब्रह्माकुमारी संस्था का परिचय दिया। र

### महाशिवरात्रि का अर्थ बहुत ही सुंदर तरीके से बताया

राजयोगिनी बीके भावना दीदी ने बहुत सुंदर शब्दों में महाशिवरात्रि का अर्थ बताया। दीदी ने बताया कि हम शिव पर अक धतूरा बेलपत्र क्यों चढ़ाते हैं, बेर चढ़ाने का अर्थ है कि अपने अंदर के वैर विरोध को शिव पर अर्पित करना अगर हम इस तरह से शिवरात्रि मनाएंगे तो हमारे जीवन से दुख अशांति समाप्त हो जाएगी। कार्यक्रम में छोटे नन्हे बच्चों ने भी जैसे अन्य अन्वी ने नृत्य के माध्यम से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कुमार निपुण ने भी बहुत सुंदर भजन प्रस्तुत किया। अंत में ओमप्रकाश ने सभी को बहुत सुंदर भांगड़ा भी कराया। आखिर में शिव ध्वजारोहण करते हुए प्रतिज्ञा भी कराई। मंच संचालन किरण बहन ने किया।

---

# होली पर रेलवे चलाएगा 21 जोड़ी स्पेशन ट्रेनें



■ बिहार जाने वाले यात्रियों को मिलेगी इन ट्रेनों में कंफर्म टिकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

होली के त्योहार पर घर जाने वाले यात्रियों के लिए रेलवे ने राहत देने का फैसला किया है। यात्रियों की भारी भीड़ को देखते हुए पूर्व मध्य रेलवे ने दिल्ली, आनंद विहार, चंडीगढ़ और अन्य प्रमुख शहरों से बिहार के विभिन्न जिलों के लिए 21 जोड़ी होली स्पेशल ट्रेनें चलाने का प्रस्ताव तैयार किया है।

इन ट्रेनों के चलने से न केवल दिल्ली-पटना मार्ग बल्कि गया, धनबाद, सहरसा, मुजफ्फरपुर और दरभंगा जाने वाले प्रवासियों को भी कंफर्म सीट मिल सकेगी। रेलवे बोर्ड को भेजे गए प्रस्ताव के अनुसार, ये ट्रेनें मार्च के पहले सप्ताह से शुरू होकर अप्रैल के पहले सप्ताह तक चलेंगी। इसी प्रकार कुछ ट्रेनों में रेलवे ने कोच बढ़ाने का भी फैसला किया है। रेलवे द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, लंबी दूरी की एक्सप्रेस और इंटरसिटी ट्रेनों में स्लीपर, एसी और साधारण श्रेणी के डिब्बे बढ़ाए गए हैं। दिल्ली-बठिंडा और श्रीगंगानगर रेल मार्ग पर चलने वाली ट्रेन 14731/32 दिल्ली-बठिंडा एक्सप्रेस और 14735/36 श्रीगंगानगर-अंबाला कैंट एक्सप्रेस में अतिरिक्त डिब्बे जोड़े गए हैं। इसी प्रकार अजमेर-अमृतसर और उदयपुर मार्ग पर ट्रेन नंबर 19613/12 अजमेर-अमृतसर और 20473/74 दिल्ली-उदयपुर जैसी व्यस्त ट्रेनों में भी यात्रियों को अब कंफर्म टिकट मिलने में आसानी होगी। ट्रेन नंबर 12985/86 जयपुर-दिल्ली सराय रोहिल्ला डबल डेकर में एक एक्जिक्यूटिव एसी चेयर कार डिब्बा बढ़ाया गया है। इसके अलावा श्रीगंगानगर-बठिंडा और जयपुर-बठिंडा मार्ग की पैसेंजर ट्रेनों में 2 से 4 अतिरिक्त साधारण डिब्बे लगाए गए हैं।

---

# लापरवाही से सड़क हादसे में निजी बस कंडक्टर की मौत

■ बस बैक करवाते समय हुआ हादसा, लापरवाह कार चालक ने सीधे मारी टक्कर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना

अंबाला-जगाधरी हाईवे स्थित कालपी-मुलाना के बीच सड़क हादसे में निजी बस के कंडक्टर कालपी के दीपक (40) की मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ जब बरात से भरी बस रास्ता भटक कर गलती से पंचकूला फ्लाईओवर पर चढ़ गई थी।

जैसे ही कंडक्टर नीचे उतरने के बाद बस बैक करवा रहा था कि एक तेजरफ्तार कार ने टक्कर मार दी। मुलाना थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर प्रमोद ने बताया कि पुलिस ने शव को अंबाला कैंट के नागरिक अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया है। सोमवार को शव का पोस्टमार्टम करवाया जाएगा। बस चालक अशोक कुमार ने बताया कि वह निजी बस में सहारनपुर से बरात लेकर लालडू जा रहे थे। कालपी-मुलाना के बीच रास्ता भटकने पर वह गलती से पंचकूला फ्लाईओवर पर चढ़ गए थे। रास्ता भटकने का एहसास हुआ तो बस को वापस नीचे उतारने के लिए पीछे किया जाने लगा। बस का कंडक्टर दीपक नीचे उतरकर बस को बैक करवा रहा था। बस जब बैक हो रही थी तभी पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने दीपक को टक्कर मार दी थी। घायल अवस्था में बस में दीपक को लेकर अंबाला कैंट के नागरिक अस्पताल लेकर पहुंचे थे, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया था। बाद में बरातियों को तीन ऑटो के जरिये लालडू बरात में भेज दिया था।

### पुलिसकर्मी को कार से कुचलने की कोशिश

**बराड़ा।** क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को खुली चुनौती देते हुए एक कार चालक ने नाकेबंदी के दौरान ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को ही गाड़ी से कुचलने का प्रयास किया। अधोया चौक पर तड़के हुई इस वारदात में आरोपी ने न सिर्फ पुलिस बैरिकेड तोड़ने की कोशिश की, बल्कि सीधे पुलिसकर्मियों को टक्कर मारकर उनकी जान लेने का प्रयास किया। घटना सोमवार सुबह करीब 2:05 बजे की है जब हेड कांस्टेबल परमजीत सिंह अपनी टीम के साथ अधोया चौक पर नाकाबंदी कर वाहनों की जांच कर रहे थे। इसी दौरान शाहबाद की ओर से आ रही एक सफेद वर्ना कार को चेकिंग के लिए रुकने का इशारा किया गया। लेकिन कार चालक ने रुकने के बजाय गाड़ी की रफ्तार और तेज कर दी। बैरिकेड पर खड़े पुलिसकर्मियों की ओर कार चढ़ा दी। पुलिसकर्मियों को जान बचाने के लिए कूदकर हटना पड़ा। बैरिकेड को टक्कर के बाद कार रुक गई।

---

# पुलिस कार्रवाई के विरोध में बिजली कर्मचारियों का जोरदार प्रदर्शन

■ तीन घंटे तक ठप रहा कामकाज, कई दिनों से किया जा रहा है विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा



बराड़ा। प्रदर्शन करते हुए बिजली कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

पंजोखरा थाना प्रकरण में बिजली कर्मचारियों पर पुलिस द्वारा की जा रही कथित एकतरफा कार्रवाई के विरोध में सोमवार को एचएसईबी वर्कर यूनियन, यूनिट अंबाला कैंट के आह्वान पर सब डिवीजन में तीन घंटे का धरना प्रदर्शन किया गया। कर्मचारियों ने सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक कार्यालय परिसर में धरना देकर पुलिस और प्रशासन के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। धरने को संबोधित करते हुए यूनियन पदाधिकारियों ने कहा कि यह आंदोलन पिछले 20 दिनों से शांतिपूर्ण और अनुशासित तरीके से चलाया जा रहा है, लेकिन अब तक पुलिस व प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है, जिससे कर्मचारियों में भारी रोष है। वक्ताओं ने कहा कि विभाग और पुलिस बिजली कर्मचारी यूनियन के सब्र की लगातार परीक्षा ले रहे हैं। यूनियन नेताओं ने स्पष्ट शब्दों में मांग की कि बिजली कर्मचारियों पर दर्ज एफआईआर को तुरंत प्रभाव से रद्द किया जाए।

### कर्मचारियों ने लिया एकजुटता का संकल्प

धरने की अध्यक्षता राजेश कुमार ने की, जबकि मंच संचालन कैशियर संजीव खेत्रपाल ने किया। धरने में बड़ी संख्या में बिजली कर्मचारी मौजूद रहे और सभी ने एकजुट होकर आंदोलन को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

### अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को रौंदा, मौत

**जींद।** गांव गोसाई खेड़ा के निकट बीती रात अज्ञात वाहन ने बाइक सवार व्यक्ति को रौंद डाला। जुलाना थाना पुलिस ने मृतक के भाई की शिकायत पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नई काठ मंडी निवासी मनोज (38) खराद का कार्य करता था। गत दिवस वह कार्यवश जुलाना गया हुआ था। देर रात को जब वह बाइक से घर लौट रहा था तो किसी अज्ञात वाहन ने उसके बाइक को टक्कर मार दी और रौंदता हुआ निकल गया। जिसमें मनोज की मौके पर मौत हो गई। घटना को अंजाम देकर चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। मृतक की पहचान उसकी जेब से मिले दस्तावेजों के आधार पर संभव हो पाई। घटना की सूचना पाकर जुलाना थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया। परिजनों ने बताया कि मनोज खराद को कार्य करता था। काम के सिलसिले में वह जुलाना गया था।

---





अंबाला। लोगों की जांच करते विशेषज्ञ। फोटो : हरिभूमि

### हेल्थ कैंप में 45 लोगों ने करवाई आंखों की जांच

**अंबाला।** सनातन धर्म महावीर दल के तत्वाधान में रविवार को लगाए गए निशुल्क नेत्र जांच शिविर में 45 लोगों ने अपनी आंखों की की विभिन्न बीमारियों की जांच करवाई। स्थानीय बजरंग भवन में शिविर आयोजित किया गया। महावीर दल के महासचिव राजेश वर्मा ने बताया कि इस शिविर में आई विशेषज्ञों की टीम ने लोगों की आंखों की बीमारियों की जांच की व उन्हें निशुल्क दवाईयां भी वितरित की। उन्हें चश्में के नंबर भी दिये गये। उन्होने बताया कि हर महीने के पहले रविवार को संस्था द्वारा शिविर का आयोजन किया जाता है जिसमें लोग अपनी आंखों की जांच करवाकर लाभ उठा रहे हैं। इस अवसर पर दल के प्रधान प्रीतम लाल गुलाटी, संरक्षक विजय कंसल, पूर्व प्रधान जगदीश चंद वर्मा, शिव कुमार शर्मा, उप प्रधान रामेश्वर शर्मा, ओमप्रकाश आहूजा, राजपाल धीमान, कैंप ईंचार्ज सतीश अग्रवाल व सोमनाथ शर्मा सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# मामूली विवाद को लेकर हुई फायरिंग में दो बच्चे जख्मी, हमलावर हुए फरार

■ पुलिस ने बच्चों के परिजनों की शिकायत पर की जांच शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना

ठाकुरपुरा कलालटी गांव में रविवार देर शाम को दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष हो गया। इस दौरान एक पक्ष की तरफ से फायरिंग कर दी गई जिससे गोली के छर्रे घर के गेट पर खड़े दो बच्चों को जा लगे। खून बहने पर परिजन आनन-फानन घायलों को कैंट के नागरिक अस्पताल लेकर पहुंचे। कई छर्रे दोनों भाइयों के चेहरे, छाती, बाजू व हाथ पर लगे हैं। घायलों की पहचान तेजस (10) व दुष्यंत (13) के रूप है। इस वारदात के बाद गांव में दहशत का माहौल है। अभी तक झगड़े की स्थिति स्पष्ट नहीं हो पाई है।पुलिस मामले की जांच कर रही है। घायल तेजस के मामा शेखर ने बताया कि वह अपने चचेरे भाई तुषार के साथ कार में बैठकर अपने काम से जा रहे थे। शाम छह बजे के आसपास कलालटी गांव के बस अड्डे के पास पहुंचे तो वहां मौजूद ठाकुरपुरा कलालटी गांव के धर्म सिंह ने उन्हें रोककर कहा कि घूर कैसे रहा है। इसी बात पर दोनों पक्षों के बीच हाथापाई हो गई। इसके बाद थप्पड़-मुक्के चल गए। स्थानीय लोगों ने मामला शांत करा दिया और दोनों पक्षों को वापस घर भेज दिया। पुलिस के अनुसार देर शाम धर्म सिंह और उसके साथ अन्य लोग कलालटी में शेखर के घर के पास आ गए और पिटाई शुरू कर दी। ऐसे में दोनों पक्षों के बीच फिर से झगड़ा शुरू हो गया।

### बच्चों के परिजनों ने लगाया यह आरोप

आरोप है कि हमला करने के बाद धर्म सिंह और उसके साथ आए युवकों ने कार से जाते समय दो से तीन फायर कर दिए। इसी दौरान एक गोली एक मकान के गेट पर जा लगी। इस गेट पर तेजस और दुष्यंत खड़े होकर विवाद देख रहे थे तभी गोली गेट से टकराने के बाद छर्रे तेजस और दुष्यंत को लग गए और दोनों लहूलुहान हो गए।



अंबाला। रिसोर्स पर्सन का अभिनंदन करते शिक्षक।

### शिक्षक के पॉजिटिव रवैये से तैयार होते हैं बेहतर छात्र

**अंबाला।** अंबाला छावनी के गवर्नमेंट पीजी कॉलेज में चल रहे 6 दिवसीय एफडीपी में सोमवार को पूर्व प्रिंसिपल संगीता चौधरी रिसोर्स पर्सन के तौर पर पहुंची। उन्होंने प्रतिभागी फैकल्टी सदस्यों को मेंटल वेल बीइंग के बारे में बताते हुए कहा कि तनावपूर्ण माहौल में मानसिक तौर पर स्वस्थ रहना बहुत जरूरी है। उन्होंने बताया कि एक शिक्षक का पॉजिटिव रवैया एक बेहतर छात्र तैयार करेगा। उन्होंने कहा कि हमें मानसिक तौर पर स्वस्थ रहने के लिए सकारात्मक चीजों में ध्यान लगाना चाहिए। इससे पहले प्रो संगीता चौधरी के कॉलेज पहुंचने पर अकादमिक डिवेलपमेंट एंड रिसर्च सेल के संयोजक डॉ. अतुल यादव व अन्य स्टाफ सदस्यों ने उनका पौधा भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. पूनम राजौरा ने की। दूसरे सत्र में डॉ. शगुन आहूजा ने नई शिक्षा नीति में मल्टी।डिसिप्लिनरी विषयों के।महत्व पर विचार रखे। उन्होंने क्रेडिट बैंक आदि के बारे में फैकल्टी सदस्यों को विस्तार से बताया।

---

# हेल्थ कैंप में 102 मरीजों का इलाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा



बराड़ा। शिविर में ग्रामीणों की जांच करते चिकित्सक। फोटो : हरिभूमि

गुरु रविदास महाराज की शिक्षाओं को आत्मसात करते हुए गांव सुहाता में गुरु रविदास जयंती के पावन अवसर पर स्वास्थ्य विभाग की ओर से निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन जिला परिषद सदस्य जसविंदर सुहाता के सहयोग से तथा एएसएमओ डॉ. बीरबल की देखरेख में किया गया। स्वास्थ्य शिविर के दौरान कुल 102 मरीजों की जांच की गई। इनमें 30 मरीजों की ईसीजी, 44 की शुगर जांच, 42 का ब्लड प्रेशर परीक्षण तथा 34 लोगों के ब्लड सैंपल लेकर जांच की गई। शिविर में सभी जरूरतमंद मरीजों को निशुल्क दवाइयां भी उपलब्ध करवाई गईं। इस अवसर पर एएसएमओ डॉ. बीरबल ने ग्रामीणों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कराना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि शुगर और ब्लड प्रेशर जैसी बीमारियां प्रारंभिक अवस्था में पहचान में नहीं आतीं लेकिन समय पर जांच से इन्हें नियंत्रित किया जा सकता है। उन्होंने संतुलित आहार लेने, नियमित व्यायाम करने और नशे से दूर रहने की अपील की। डॉ. बीरबल ने महिलाओं और बुजुर्गों के स्वास्थ्य पर विशेष जोर देते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाएं अपनी सेहत को अक्सर नजरअंदाज कर देती हैं, जबकि बुजुर्गों में हृदय रोग, ब्लड प्रेशर और शुगर की समस्या तेजी से बढ़ रही है। समय पर जांच और नियमित दवा से गंभीर बीमारियों से बचाव संभव है।

---

निजी अस्पताल में आयोजित किया निःशुल्क जांच शिविर

# 38 चयनित दिव्यांगों को लगाए जाएंगे कृत्रिम अंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर

निजी अस्पताल में सोमवार को दिव्यांग बंधुओं के जीवन में नई उम्मीद जगाने के उद्देश्य से विशाल निशुल्क कृत्रिम अंग नाप शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 38 दिव्यांगों के अंगों का नाप लिया गया जिनको अंग लगाए जाएंगे। शिविर के शुभारंभ से पूर्व नारायण सेवा संस्थान के सदस्यों और अनुसुचित जाति संघ के प्रधान मुल्कराज व राममूर्ति और रवींद्र नरवाल ने संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास जी की जयंती के पावन अवसर पर उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धापूर्वक नमन किया। समिति के संयोजक सुखदेव राज ने बताया नारायण सेवा संस्थान द्वार देशभर में दिव्यांगजनों के उत्थान हेतु किए जा रहे सेवा कार्यों की जानकारी देते हुए कहा कि संस्था का संकल्प है कि कोई भी दिव्यांग व्यक्ति संसाधनों के अभाव में असहाय न रहे। निशुल्क कृत्रिम अंग प्रदान कर दिव्यांग बंधुओं को आत्मनिर्भर बनाना संस्था की प्राथमिकता है। इस अवसर पर नारायण सेवा संस्थान के राज्य प्रमुख डॉक्टर विवेक एवं संयोजक डॉक्टर अनिरुद्ध सैनी ने बताया कि शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा दिव्यांग रोगियों की निःशुल्क जांच की जा रही है तथा पात्र लाभार्थियों के कृत्रिम अंगों की सटीक नाप ली जा रही है। उन्होंने बताया कि शिविर को लेकर दिव्यांग बंधुओं में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है।

यह शिविर दिव्यांगजनों के जीवन को नई दिशा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। आयोजकों ने क्षेत्र के अधिक से अधिक जरूरतमंद दिव्यांग बंधुओं से इस निःशुल्क शिविर का लाभ उठाने की अपील की।

### पात्र लाभार्थियों के कृत्रिम अंगों की ली जा रही नाप

इस अवसर पर नारायण सेवा संस्थान के राज्य प्रमुख डॉक्टर विवेक एवं संयोजक डॉक्टर अनिरुद्ध सैनी ने बताया कि शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा दिव्यांग रोगियों की निःशुल्क जांच की जा रही है तथा पात्र लाभार्थियों के कृत्रिम अंगों की सटीक नाप ली जा रही है। उन्होंने बताया कि शिविर को लेकर दिव्यांग बंधुओं में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है।

### यह रहे मौजूद

इस अवसर पर लाडवा के पूर्व विधायक पवन सैनी ,जिला उपाध्यक्ष संदीप सैनी ,पूर्व चेयरमैन अमित वालिया ,संजीव कोचर , प्रधानाचार्य राजीव मेहता ,डॉक्टर कुलदीप पोसवाल व संस्थान के सदस्य अनिल गुप्ता,राजेश वालिया व विनोद कुमार उपस्थित रहे।



दिव्यांगों का नाप लेते चिकित्सक।